
पंजाब केसरी 29-11-2025



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'जटिल बिजनेस केस स्टडीज को कैसे हल करें' विषय पर आयोजित सत्र के प्रतिभागी विद्यार्थी एवं प्राध्यापक। (चंद्रमोहन)

# व्यावहारिक प्रबंधन कौशल और विश्लेषणात्मक सोच की विशेष आवश्यकता : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 28 नवम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में प्रबंधन विभाग ने 'जटिल बिजनेस केस स्टडीज को कैसे हल करें' विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक क्षमता, निर्णय लेने का कौशल और वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों की समझ को मजबूत बनाना था।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में व्यावहारिक प्रबंधन कौशल और विश्लेषणात्मक सोच की विशेष आवश्यकता है तथा ऐसे सत्र छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

विभागाध्यक्ष डॉ. भारती सुजान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें वास्तविक प्रबंधकीय चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाते हैं।

मंच संचालन कर रहीं सहायक प्राध्यापक डॉ. दिशा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को केस स्टडी विश्लेषण के लिए संरचित पद्धतियां, मूल्यांकन तकनीकें और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण प्रदान किए।

उनके मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों को प्रबंधकीय समस्याओं को समझने और प्रभावी निर्णय लेने में महत्वपूर्ण सहायता की। यह कार्यक्रम प्रो. कमलप्रीत कौर के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ, जबकि संपूर्ण आयोजन का समन्वय डॉ. शुभम और प्रो. माहीमा अरोड़ा ने संयुक्त रूप से किया।